त्यौहार आपसी सद्भावना भाई चारगी व प्रेम को मजबूत करता है- विष्णु प्रताप सिंह

बांसी(सिद्धार्थनगर)। लक्ष्मी पूजा, धनतेरस, दीपावली एवं भैया दूज जैसे आगामी महत्वपूर्ण त्योहारों को शान्ति , सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को गोल्हौरा थाना परिसर में शान्ति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार इटवा विष्णु प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार बांसी चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव तथा गोल्हौरा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों एवं ग्राम प्रशासकों से सीधा संवाद स्थापित कर त्योहारों के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

इस दौरान नायब तहसीलदार इटवा विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। सभी लोग एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परंपरागत तरीके से त्योहार मनाएं। किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न करें और सार्वजनिक



स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।नायब तहसीलदार बांसी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। लक्ष्मी पूजा पंडालों एवं सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा मानकों का पालन करें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, जिससे समय रहते उसका समाधान कराया जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने, अफवाह फैलाने अथवा सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक संदेशों को प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।बैठक में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों एवं ग्राम प्रशासकों ने भी क्षेत्र की समस्याओं और त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे।

अधिकारियों ने सभी को आपसी समन्वय और सहयोग से त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रबल संभावना वाले वादों को शामिल करें- जनपद न्यायाधीश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय की अध्यक्षता में आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण के साथ प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय ने कहा कि लोक अदालत में वे ही वाद शामिल किये जाएं जिनमें समझौते की प्रबल संभावना हो। इसके लिए प्रत्येक न्यायिक अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने न्यायालय में अधिक से अधिक लंबित व विवाद, एम0वी0एक्ट, बैंक ऋण विचारणीय मामलों की सूची तैयार



करें और उनमें से प्रकरणों का चयन करें उन्हे निस्तारित कराने पर जोर दे।इनमें चेक बाउंस, पारिवारिक संबंधी मामले, एवं अन्य सिविल प्रकृति के प्रकरणों को प्राथमिकता देने की बात कही गई।इस दौरान नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बीरेन्द्र कुमार बैठक में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि वे पैरालीगल वालिन्टियर के माध्यम से जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रट, बस स्ट्रैण्ड, रेलवे स्टेशन अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहो पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु लोक अदालत एवं उसमें नियत की जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी व प्रचार-प्रसार हेतु प्रयास करें जिससे कि अधिकाधिक संख्या में जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

परसा खुर्द की रूबी ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में मारी बाजी, बनीं चैंपियन

उस्का बाजार सिद्धार्थनगर। किसान इंटर कॉलेज उस्का बाजार के प्रांगण में परिषदीय स्कूलों के ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह



का बुधवार को आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द की छात्रा रूबी ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में परसा खुर्द के ओम ने प्रथम और हथिवड़ताल के अमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्राथमिक स्तर की जिम्नास्टिक और योग प्रतियोगिताओं में प्राथमिक विद्यालय सरदार पटेल नगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मेहंदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद और विभिन्न दौड़ स्पर्धाओं में भी अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि किसान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार गुप्ता व खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र पाल ने संयुक्त रूप से खेल ध्वज फहरा कर और आसमान में रंग-बिरंगे बैलून छोड़कर खेलकूद का आगाज किया। पिछले वर्ष की विजेता अंजली गुप्ता ने प्रज्वलित मशाल लेकर दौड़ लगाई। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पशुपतिनाथ दूबे के संचालन में हुए आयोजन में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बृजेश वर्मा सहित शिवाकांत दूबे, गुलाब चंद, अभिषेक मिश्रा, अतुल वर्मा, अशोक यादव, अवनिंद्र बहादुर सिंह, अमित पांडे, राघवेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

पीस कमेटी की बैठक, शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

इटवा (सिद्धार्थनगर)। आगामी धनतेरस, दीपावली और मां लक्ष्मी पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को इटवा



थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में मूर्ति पूजा आयोजकों, डीजे संचालकों, संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं ने भाग लिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने शासन एवं उच्चाधिकारियों की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका पालन सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न पूजा आयोजक, डीजे संचालक, धर्मगुरु और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

संतकबीरनगर-द्य दुधारा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जबकि दूसरे युवक ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार 2 नवंबर 2026 की रात करीब 8ः30 बजे छपिया-छितौना गांव से लगभग 100 मीटर आगे टॉवर के पास मोटरसाइकिल संख्या यूपी 51 एल 0889 को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार फूलचंद (35) पुत्र सीताराम निवासी नौवागांव तथा किशन (36) पुत्र जयकिशन निवासी महदो, थाना दुधारा गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि दोनों युवक नौवागांव पेट्रोल पंप से टेमा रहमत चौराहे की ओर जा रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल संतकबीरनगर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने फूलचंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि किशन की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान मंगलवार को किशन की भी मौत हो गई।मृतक फूलचंद नौव्वागांव स्थित पेट्रोल पंप के मालिक बताए जा रहे हैं।

एक ही हादसे में दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना के संबंध में पुलिस के अनुसार कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

नशामुक्त युवा विकसित भारत की पहचान विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

बाँसी, सिद्धार्थनगर। स्थानीय रतन सेन डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानन्द इकाई के तत्वावधान



में दिनांक 04 नवम्बर 2026 दिन बुधवार को नशामुक्त युवा - विकसित भारत की पहचान विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ, सभ्य एवं सशक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कुल 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपने निबन्धों के माध्यम से नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में पूनम ने प्रथम, कल्पना ने द्वितीय तथा विन्दू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुभीर सिंह ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होते हैं। यदि युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई में ना फंसकर बल्कि उससे दूर रहकर शिक्षा, संस्कार एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ेगा तो विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में भी नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रवेश दुबे, डॉ0 सपना त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थितजनों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

दुर्घटना को दावत दे रहा सड़क पर बना गड्ढा

मेंहदावल, संतकबीर नगर ! मेंहदावल से बढ़या ठाठर जाने वाले मार्ग के बीचो बीच 5 फुट का गहरा गड्ढा/ होले हो गया है ! उक्त होल



पिछले चार दिनों से दुर्घटना को दावत देता हुआ आ रहा है नजर !

आने जाने वाले यात्रियों, वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बड़े बुजुर्गों, खासतौर से टेंपो ड्राइवर ने बताया कि यह होल पिछले चार दिनों से यूं ही पड़ा हुआ है, जिस पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ रही है, और ना ही इसका कोई खोज खबर ही ले रहा है ! बुधवार उक्त मार्ग से होकर संवाददाता का जाना हुआ, जहां वह उक्त गड्ढा होल दिखा , संवाददाता द्वारा तत्काल वीडियो, फोटो बनाकर मान्रीय जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी ईश्वर चंद्र सिंह को फोटो भेज कर तथा दूरभाष के माध्यम से संपर्क पर श्री सिंह ने संवाददाता को आस्वस्थ करते हुए कहा कि यदि ऐसा है तो बहुत जल उक्त गड्ढे को ठीक करा दिया जाएगा ! घंटा भर बाद उक्त मार्ग से संवाददाता का पुनः लौटना हुआ तो देखा गया कि उक्त होल गड्ढे में भंडा और लाल कपड़े को लगाकर सांकेतिक निशान खड़ा कर दिया गया है ! जिससे कुछ हद तक दुर्घटना को कंट्रोल किया जा सके !

छः धान केन्द्रो का डीएम ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। धान खरीद में डीएम का सख्त निर्देश, किसानों को नहीं होगी परेशानी। मंडी के 6 क्रय केंद्रों का निरीक्षण, किसान का माल्यार्पण कर धान खरीद का शुभारंभ। 60 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य, सामान्य धान ?2441 और ग्रेड-ए ?2461 प्रति कुंतल एमएसपी। जिलाधिकारी अनुज मलिक ने बुधवार को मंडी परिसर में संचालित छह धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारियों को किसानों की सुविधाओं और पारदर्शी खरीद व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। खाद्य विभाग के मंडीयार्ड प्रथम केंद्र पर धान बेचने पहुंचे ग्राम कटबन्ध, नेहिया खुर्द बुजुर्ग निवासी किसान नर्वदेश्वर सिंह का माल्यार्पण कर डीएम ने धान खरीद का शुभारंभ कराया। किसान करीब 65 कुंतल धान लेकर केंद्र पर पहुंचे थे।जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत धान खरीद 1 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक होगी। सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। जिले को कुल 60 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए कुल 64 क्रय केंद्र स्वीकृत हैं।डीएम ने निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों पर किसानों को बैठने की व्यवस्था और पेयजल उपलब्ध कराया जाए। भीड़ अधिक होने पर टोकन रजिस्टर बनाकर किसानों का क्रम निर्धारित किया जाए और नंबर आने पर मानक के अनुसार धान की तौल की जाए।

उन्होंने केंद्र प्रभारियों को किसानों से शालीन व्यवहार करने और सभी केंद्रों पर खरीद सुचारु रूप से शुरू कराने के निर्देश दिए।पंजीकरण में तेजी, सत्यापन धीमा- जिले में अब तक 806 किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से सिर्फ 369 किसानों का सत्यापन हो सका है।

22 स्टॉलों का डीएम अनुज मलिक ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। हीरालाल इंटर कॉलेज खलीलाबाद परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित सरस मेले का जिलाधिकारी अनुज मलिक ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए 22 स्टॉलों का जायजा लिया और उत्पादों की जानकारी ली।मेले में दीपावली से जुड़े दीये-बाती, मोमबत्ती, अगरबत्ती, मूर्तियां, सजावटी सामान, कपड़े, कॉस्मेटिक, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, झाड़ू और गुड़ से बने उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहे।

डीएम ने महिलाओं के हुनर और उत्पादों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।डीएम ने उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देश दिया कि शेष उत्पादों की बिक्री के लिए मेले की अवधि एक दिन बढ़ाई जाए। अब 6 नवंबर को विकास भवन परिसर स्थित डीपीआरसी भवन में सरस मेला आयोजित किया जाएगा।

तीन सूत्री मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर आज प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

संत कबीर नगर। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खलीलाबाद संतकबीरनगर में बुधवार को भी उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुपुक्टा) के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर क्रमिक धरना प्रदर्शन जारी रहा। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जोरदार तरीके से अपनी विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय इकाई शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो अमित भारती ने बताया कि 5 नवम्बर दिन गुरुवार को महाविद्यालय के समस्त शिक्षक महाविद्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए जायेंगे तथा अपनी तीस सूत्रीय मांगों का पत्र जिलाधिकारी को सौपेंगे। इस अवसर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (सुआक्टा) अध्यक्ष डॉ शशिकांत राव ने कहा कि फुपुक्टा के आह्वान पर कल प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर इसी तरह के धरने का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

सुआक्टा कार्यकारिणी भी इस आंदोलन को सफल बनाने में जोर शोर से लगी हुई है। इस अवसर पर शिक्षक संघ संतकबीर नगर के जिलाध्यक्ष प्रो अमर सिंह गौतम ने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है। जिला उपाध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम पाण्डेय ने हुंकार भरते हुए कहा कि हम किसी भी कीमत पर झुकेंगे नहीं सरकार को हमारी बात सुननी ही पड़ेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ अभय गुप्ता व संयुक्त मंत्री डॉ फखरे आलम ने भी अपना विचार साझा किया। कार्यक्रम में जिले के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यालय-अधिशासी अभियंता उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.
(यू.पी.आर.एन.एस.एस.) प्रखण्ड-बस्ती

पता-म.नं.-2750 कटरा बाईपास, पोस्ट-गांधीनगर, सर्विस लेन सड़क निकट-बालूमण्डी, जनपद-बस्ती

ई-निविदा सूचना

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., प्रखण्ड-बस्ती के अन्तर्गत सन्त कबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर में निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित बिड डाक्यूमेन्ट, नियम/शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है.

क्र. सं.	निविदा संख्या	निविदा अपलोड करने की तिथि	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निविदा की लागत (लाख में)
1.	541/UPRNSS/SE/ TENDER/2026-27 Deated-03-11-2026	05.11.2026	सन्त कबीर नगर	एम.एम.आई.टी संत कबीरनगर में सेन्टर फॉर एक्सीलेन्स का निर्माण कार्य।	542.31
2.	542/UPRNSS/SE/ TENDER/2026-27 Deated-03-11-2026	05.11.2026	सिद्धार्थनगर	एम.एम.आई.टी सिद्धार्थनगर में सेन्टर फॉर एक्सीलेन्स का निर्माण कार्य।	542.31

अधिशासी अभियन्ता
उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि., प्रखण्ड.बस्ती

पत्रांक-190-91/प्रखण्ड-बस्ती/2026-27/दिनांक 03-11-2026

कार्यालय अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1739/04 लेखा/2026-27 दिनांक 29-10-2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग के "ए, बी, सी एवं डी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण मार्गो पर विशेष मरम्मत कार्य।						
1	महराजगंज	पकडी बिशुनपुर में यादव टोलाए छपपन टोला सम्पर्क मार्ग	26.80	2.68	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
2	महराजगंज	मेदनीपुर कस्बा सम्पर्क मार्ग	26.30	2.63	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
3	महराजगंज	झुंगवा सम्पर्क मार्ग	21.00	2.10	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
4	महराजगंज	जी0एम0 मार्ग से गोधवल मार्ग	31.80	3.18	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
5	महराजगंज	घुघली कप्तानगंज मार्ग पर बिजय सिह के भट्टे से खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन तक सम्पर्क मार्ग	21.90	2.19	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
6	महराजगंज	नटवा में बेलहिया टोला सम्पर्क मार्ग	23.40	2.34	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
7	महराजगंज	निचली नारायणी शाखा नहर पटरी सेवा मार्ग	31.40	3.14	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
8	महराजगंज	बसन्तपुर से बरगदवां माधोपुर मार्ग	24.60	2.46	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
9	महराजगंज	लहमीपुर खास सम्पर्क मार्ग	26.20	2.62	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
10	महराजगंज	सोनकटिया टोला सम्पर्क मार्ग	15.70	1.57	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
11	महराजगंज	रामपुर लिंक मार्ग	24.20	2.42	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
12	महराजगंज	पिपरा ब्राहमन में बारीमॉव तिवारी पश्चिम टोला सम्पर्क मार्ग	16.40	1.64	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
13	महराजगंज	भुवना में विश्वनाथपुर टोला सम्पर्क मार्ग	29.70	2.97	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
14	महराजगंज	सुरहुरवां से दुबौली तक पिच मार्ग का निर्माण कार्य।	6.40	0.64	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
15	महराजगंज	नेता सुरहुरवां मार्ग के किमी0 1.20 से निकलकर मा0 कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना तक सम्पर्क मार्ग	10.70	1.07	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
16	महराजगंज	फरेन्दा-महराजगंज मार्ग के किमी0 20 से बायें तरफ पिड़रहिया सम्पर्क मार्ग	13.40	1.34	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
17	महराजगंज	पकड़ी खुटहा से सराय खुटहा मार्ग	21.30	2.13	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
18	महराजगंज	हरखपुरा में सोनबरसा टोला सम्पर्क मार्ग	16.60	1.66	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
19	महराजगंज	सेमरा राजा में जौनपुर टोला सम्पर्क मार्ग	31.40	3.14	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
20	महराजगंज	बड़हरा रानी में सवलहिया टोला सम्पर्क मार्ग	15.60	1.56	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
21	महराजगंज	सी0एस0एन0टी0एन0 मार्ग के किमी0 18 से ढोढ़िला खास मार्ग	21.10	2.11	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
22	महराजगंज	मिटौली हरपुर महन्य से कुर्मी टोला मार्ग	28.30	2.83	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
23	महराजगंज	महराजगंज-बागापार मार्ग के किमी0 10 से बेलवा काजी के अन्तर्गत चाकी टोला सम्पर्क मार्ग का निर्माण	16.80	1.68	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
24	महराजगंज	शिकारपुर सिन्दुरिया से नन्दना मार्ग	14.80	1.48	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
25	महराजगंज	गोपाला से बडा टोला सम्पर्क मार्ग	22.40	2.24	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
26	महराजगंज	हरखपुरा में हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग	27.80	2.78	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
27	महराजगंज	घुघली शिकारपुर से विशुनपुर गबडुआ मार्ग	19.80	1.98	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
28	महराजगंज	बभनौली सम्पर्क मार्ग	16.00	1.60	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
29	महराजगंज	नटवा में बेलहिया सम्पर्क मार्ग	23.50	2.35	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
30	महराजगंज	स्द्रापुर सम्पर्क मार्ग	25.40	2.54	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
31	महराजगंज	बांसपार बैजौली आकाश कामिनी सम्पर्क मार्ग	16.70	1.67	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
32	महराजगंज	महुअवा में रूपधर टोला सम्पर्क मार्ग	16.60	1.66	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
33	महराजगंज	महुअवा में मटिअरवा बड़ा टोला सम्पर्क मार्ग	16.20	1.62	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
34	महराजगंज	जंगल दूधई उर्फ चेहरी में कोठी टोला सम्पर्क मार्ग	24.10	2.41	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
35	महराजगंज	चन्दा खास सम्पर्क मार्ग	27.40	2.74	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
36	महराजगंज	सी0एस0एन0टी0एन0 मार्ग से परागपुर हरगाव पिपरहवां नहर तक	27.20	2.72	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
37	महराजगंज	सी0एस0एन0टी0एन0 मार्ग के किमी0 51 से विशुनपुर मार्ग	21.20	2.12	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
38	महराजगंज	पिपरा काजी में कपिया टोला सम्पर्क मार्ग	25.90	2.59	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
39	महराजगंज	सी0एस0एन0टी0एन0 से पिपरा सम्पर्क मार्ग	12.90	1.29	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
40	महराजगंज	खेसरारी में गिधवा टोला सम्पर्क मार्ग	17.00	1.70	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
41	महराजगंज	निचलौल रौतार मार्ग के किमी0 3 से बूढ़ाडीह खुर्द	21.50	2.15	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 06-11-2026 से 16-11-2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 16-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 16-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 16-11-2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राज कुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 260180/दिनांक 03-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in